# मेवाड़ यूनिवर्सिटी के डॉ. धाकड़ और दो स्टूडेंट्स का सम्मान



गंगरार (प्रातःकाल संवाददाता)। हाल ही में हुए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मेवाड़ यूनिवर्सिटी के 2 स्टूडेंट को पोस्टर प्रस्तुतीकरण और एक फैकल्टी मेंबर को मौखिक प्रस्तुतीकरण के लिए बेस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह बेस्ट अवार्ड यूजीसी के ज्वाइंट सेक्रेटरी डॉ. जी.एस. चौहान और माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष प्रो. अरविंद देशमुख द्वारा प्रदान किया गया। सम्मेलन में देश से ही नहीं बल्कि बाहरी देशों से आए हुए कुल मिलाकर फैकल्टी और स्टूडेंट के 750 रजिस्ट्रेशन हुए थे। जिन्होंने सम्मेलन की थीम से संबंधित मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतीकरण पेश की थी। सम्मेलन में शामिल हुए मेवाड़ यूनिवर्सिटी के जीव विज्ञान संकाय में कार्यरत डॉ. उमेश गुरू ने बताया कि सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुतीकरण में चयनित 9 स्टूडेंट्स में से 2 स्टूडेंट्स और मौखिक प्रस्तुतीकरण में चयनित तीन फैकल्टी में से एक फैकल्टी मेवाड़ यूनिवर्सिटी की शामिल रही, जिन्हें बेस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया और यह सभी जीव विज्ञान विभाग से संबंधित थे। मेवाड़ यूनिवर्सिटी से फैकेल्टी के रूप में डॉ. रामगोपाल धाकड़ को बेस्ट मौखिक प्रस्तुतीकरण और स्टूडेंट में एमएससी जीव विज्ञान की स्टूडेंट्स असमत जन और शाकिब रशीद को बेस्ट पोस्टर प्रस्तुतीकरण के लिए बेस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# मेवाड़ विवि के विद्यार्थियों को मिले अवार्ड



गंगरार, 28 मार्च (जसं.) । अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मेवाड़ यूनिवर्सिटी के एमएससी जीव विज्ञान की स्टूडेंट्स असमत जन, शाकिब रशीद को पोस्टर प्रस्तुतीकरण और फैकल्टी मेंबर डॉ. रामगोपाल धाकड़ को बेस्ट मौखिक प्रस्तुतीकरण अवार्ड यूजीसी के ज्वाइंट सेक्रेटरी डॉ. जीएस चौहान और माइक्रो बॉयोलॉजिस्ट सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष प्रोफेसर अरविंद देशमुख द्वारा प्रदान किया गया।

जानकारी के अनुसार इस सम्मेलन में देश-विदेश से फैकल्टी और स्टूडेंट के 750 रजिस्ट्रेशन हुए थे। जिन्होंने सम्मेलन की थीम से संबंधित मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतीकरण पेश की थी। सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुतीकरण में चयनित 9 स्टूडेंट्स में से 2 स्टूडेंट्स और मौखिक प्रस्तुतीकरण में चयनित तीन फैकल्टी में से एक फैकल्टी मेवाड़ यूनिवर्सिटी की शामिल रही, जिन्हें बेस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया और यह सभी जीव विज्ञान विभाग से संबंधित थे।

Jannayak 29-03-2023